MJC-4 Date: 17/10/25

Topic: Schedule Caste : Problem

→ सामाजिक समस्याएँ → इन्हें मन्दिर प्रवेश, पवित्र नदी-घाटों के प्रयोग, पवित्र स्थानों पर जाने तथा अपने ही घरों पर देवी-देवताओं की पूजा करने का अधिकार नहीं दिया गया। इन्हें जन्म से ही अपवित्र माना गया और इसी कारण इनके शुद्धिकरण के लिए संस्कारों की व्यवस्था नहीं की गयी। इन्हें सवर्ण हिन्दुओं के साथ सामाजिक सम्पर्क रखने, उनके सम्मेलनों, गोष्ठियों, पंचायतों, उत्सवों एवं समारोहों में भाग लेने की आज्ञा नहीं थी। इन्हें उच्च जातियों के हिन्दु के साथ खान-पान का सम्बन्ध रखने से वंचित रखा गया। इन्हें कुओं, स्कूलों को पढ़ने एवं छात्रावास में रहने से वंचित रखा गया। इन्हें शिक्षा प्राप्त करने की आज्ञा नहीं थी। स्वयं अछूतों में भी 300 से अधिक उच्च एवं निम्न जातियाँ समूहों में बटे हुए थी।

→ आर्थिक समस्याएँ → ये सवर्णों के झूठे भोजन, फटे-पुराने वस्त्र एवं त्याज्य वस्तुओं से ही अपने आवश्यकताओं की पूर्ति करते थे। ये मल-मूत्र उठाने, सफाई करने, मरे हुए पशुओं के चमड़े से वस्तु बनाने का काम करते थे। इन्हें खेती करने, व्यापार करने तथा शिक्षा एवं नौकरी प्राप्त करने का अधिकार नहीं था। इन्हें घृणित पेशों को अपनाने के लिए बाध्य किया गया।

→ इन्हें राजनीतिक सुविधा प्राप्त करने का कोई अधिकार नहीं दिया गया। इन्हें शासन में हस्तक्षेप करने से वंचित रखा गया। वर्तमान में इनके बीच नवीन समस्या यह है कि जिन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त कर उच्च पद ग्रहण किया अथवा आरक्षण से ग्रहण या अन्य सुविधाएँ प्राप्त कर अपनी आर्थिक-सामाजिक स्थिति सुधार ली, वे स्वयं अपने आप को अपनी जाति के अन्य लोगों से पृथक एवं उच्च समझने लगे।

PDF by
Dr. Nitish Vardhan
Sociology